News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-97
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

अच्छे संस्कार और अच्छा व्यवहार आपकी वह कमाई है, जो जिंदगी भर आपके काम आती है।

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शुक्रवार 12 जुलाई 2024



# नीरज बबलू ने गिरिराज सिंह के बयान का किया समर्थन

### कहा-जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना बेहद जरूरी, यह जनसंख्या बढ़ोतरी नहीं जनसंख्या विस्फोट है

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

कटिहार, विश्व जनसंख्या दिवस पर केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने भारत में बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में जनसंख्या वृद्धि एक चुनौती के रूप में सामने आई है। भारत की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या का करीब 20 प्रतिशत है जबकि 2011 के अनुसार जमीन मात्र 0.12 हेक्टेयर ही है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू महिलाओं की तुलना मुस्लिम महिलाओं का स्त्रञ्जक्र अधिक है। इसके लिए जल्द ही सरकार को जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम उठाने होंगे।



गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि आज चीन ने दुनियां में विकास का परचम लहराया है। 1979 में यदि चीन वन चाइल्ड पॉलिसी नहीं लाई होती तो आज दुनियां की आबादी करीब 60 करोड़ अधिक होती। हमें भी जनसंख्या में हो रही बढ़ोतरी को लेकर कुछ करना होगा और कोई ठोस नियम बनाना होगा। बनाये जाने वाले नियम को यदि कोई नहीं मानता है है तब उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। कानून का पालन नहीं करने वाले को सरकारी लाभ से वंचित रखना होगा। इस बिल को धर्म या संप्रदाय के चश्मे से न देखते हुए सभी पर लागू किया जाना चाहिए और जो इसका पालन नहीं करते हैं उन्हें सरकारी लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो पालन नहीं करता है उनका वोटिंग अधिकार भी लिया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के जनसंख्या नियंत्रण वाले बयान का बिहार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बबलू ने खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने भी पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह बिल्कुल सही कह रहे हैं। यह जनसंख्या बढ़ोतरी नहीं जनसंख्या विस्फोट है। धरती सिमटती जा रही है और जनसंख्या बढ़ती जा रही है क्या हम चांद पर जाएंगे। जनसंख्या नियंत्रण अति आवश्यक है। जो लोग दो बच्चा से ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं वो देश का ख्याल नहीं करते बल्कि खुद का ख्याल करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या को नियंत्रित करना अब काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे पास सीमित संसाधन हैं। नीरज बबलू ने कहा कि यदि तेजी से विकास करना है तो इस पर कानून बनाना ही होगा।

### उन्नाव बस हादसा पर बोलीं, परिवहन मंत्री

# बिहार में तो पूर्ण शराबबंदी, बाहर जाकर लोग करते हैं गलत काम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**



उत्तर प्रदेश के उन्नाव में हुए बस हादसे में बिहार के कई लोगों की मौत हुई थी. जदयू कार्यालय जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंची परिवहन मंत्री शीला मंडल ने गुरुवार को इस घटना पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि हम तो बार-बार बोलते हैं गाड़ी ठीक से चलाएं क्योंकि उनके हाथ में कई लोगों की जिंदगी रहती है. उत्तर प्रदेश बस हादसा में ड्राइवर ने ओवरटेक करने की कोशिश की थी.बता दें कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह बस ने टैंकर में टक्कर मार दी थी. हादसे में बिहार के 18 लोगों की मौत हो गयी थी. मीडिया रिपोर्टस में यह बात सामने आयी थी कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी. ड्राइवर की इसी हरकत पर नाराजगी जताते हुए परिवहन मंत्री ने ट्रैफिक नियमों के सही तरीके से पालन करने की अपली लोगों से की है.बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्नाव हादसे पर संवेदना जाहिर की थी. उन्होंने मृतकों के आश्रितों को दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था और हरसंभव सहायता सुनिश्चित करें. साथ ही दुर्घटना में सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना भी की.

# बदमाश ने जेल से फोन कर SDO को धमकाया

### बोला- हैलो.. विमलेश यादव बोल रहे हैं.. जान से मार देंगे

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**गया**– बिहार में अपराधियों का मनोबल दिनोदिन बढ़ता ही जा रहा है। आम लोग हों या पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हर कोई अपराधियों के निशाने पर है। ताजा मामला गया से सामने आया है, जहां जेल में बंद शातिर अपराधी ने फोन कर एसडीओ को जान से मारने की धमकी दी है। गया जेल में बंद कुख्यात विमलेश यादव ने टिकारी एसडीओ को जेल से फोन कर धमकाया।



दरअसल, हत्या के मामले में गया जेल में बंद कोंच उत्तरी के जिला परिषद पति विमलेश यादव ने फोन कर टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार को जान से मारने की धमकी दी है। एसडीओ सुजीत कुमार ने कोंच थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और रंगदारी मांगने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए आवेदन के मुताबिक, एसडीओ ने बताया है कि मंगलवार को वह क्षेत्र में भ्रमण के लिए निकले थे, तभी उनके मोबाइल पर कॉल आया। धमकी देने वाले शख्स ने खुद को कोंच का जिला परिषद बताया और अपशब्द बोलना शुरू कर दिया और जब एसडीओ ने विरोध किया तो बदमाश ने जान से मारने की धमकी दी।

फोन कट होने के बाद एसडीओ सुजीत कुमार ने मोबाइल नंबर की छानबीन शुरू की तो पता चला कि धमकी देने वाला विमलेश यादव कोंच उत्तरी क्षेत्र से जिला परिषध शरीफा देवी का पति है और हत्या के मामले में जेल में बंद है। विमलेश पर सिंदुआरी गांव में दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है।

### जंग का मैदान बन गया शादी का मंडप

# दूल्हा-दुल्हन पक्ष के बीच जमकर चले लात-घूंसे, बिना शादी के लौट गई बारात

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**मुजफ्फरपुर**– मुजफ्फरपुर में एक शादी का मंडप देखते ही देखते जंग का मैदान बन गया। बराती और सराती पक्ष के बीच छोटी सी बात के लिए जमकर लात घूंसे चले। बात इतनी बढ़ गई की बारात बिना शादी के ही वापस लौट गई। घटना पारू थाना क्षेत्र के मोहजम्मा गांव की है। दरअसल, मनियारी थाना क्षेत्र के महंथ मनियारी गांव निवाली स्नेहा कुमारी की शादी फतेहाबाद गांव में तय हुई थी। 9 जुलाई को तय समय पर लड़के वाले बारात लेकर लड़की के दरवाजे पर पहुंच गए। बारात के दरवाजा लगने से पहले बारातियों ने जमकर शराब पी। बाराती नाचते झूमते करीब एक बजे लड़की वालों के दरवाजे पर पहुंचे। द्वार पूजा के बाद जयमाला के लिए चलने को कहने पर दूल्हा का छोटा भाई गरम हो गया और गाली गलौज करने लगा। इस दौरान लड़की के घरवालों पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद बात बढ़ गई और लड़की के घरवालों ने बारातियों पर हमला बोल दिया। दोनों पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए। बात को बढ़ता देख बाराती दूल्हे को बिना शादी के ही अपने साथ लेकर वहां से फरार हो गए। जाते जाते बारातियों ने लड़की वालों को देख लेने की धमकी दी। लड़की वालों ने वर पक्ष के 10 लोगों को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया है। उनपर मारपीट करने के साथ साथ महिलाओं के गहने छीनने का आरोप लगाया गया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# हत्या मामले में बेगूसराय कोर्ट का फैसला

### 5 आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बेगुसराई, हत्या के एक मामले में बेगूसराय कोर्ट ने 5 आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सिंह की अदालत ने पांच आरोपित साहेबपुर कमाल थाना निवासी सच्चिदानंद राय, बाबूलाल राय, रोहित राय, रणधीर राय और अमल राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 25 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया। इन आरोपितों पर यह आरोप है कि 16 अगस्त 2013 को सुबह के करीब 5 बजे बेगूसराय के साहेबपुर कमाल में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले बालेश्वर राय के बेटे रामगोपाल राय की हत्या कर दी गयी थी। सिपाही राय के खेत में सभी अभियुक्तों ने मिलकर गोली मारकर रामगोपाल राय की हत्या की थी। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव एवं राजकुमार महतो ने कुल दस गवाह की गवाही कराई। कोर्ट ने आरोपितों को हत्या में दोषी पाया और भारतीय दंड विधान की धारा 302/149 में सभी आरोपित को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपए का आर्थिक जुर्माना एवं धारा 326/149 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास 10 हजार रुपए का अर्थदंड एवं धारा 147/149 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास 2 हजार रुपये का अर्थ दंड एवं धारा 148,149 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 3 हजार रुपए का अर्थ दंड की सजा सुनाई। अभियुक्त अमल राय को 27 आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई। सभी सजाए साथ-साथ चलेगी। घटना की प्राथमिकी सूचक ने साहेबपुर कमाल थाना कांड संख्या 150/2013 के तहत कराई है। बता दें कि 10 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सिंह की अदालत ने यह फैसला सुनाया।

# मामा ने भांजी के साथ किया दुष्कर्म

### गिरफ्तार आरोपी दो बच्चों का है बाप

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**बेगूसराय**– बेगूसराय में रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जहां कलयुगी मामा ने नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना बछवारा थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

डायल-112 को यह सूचना मिली थी कि जहानपुर में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। दुष्कर्म करने वाला और कोई नहीं उसका मामा ही है। घटना की सूचना मिलते ही बछवाड़ा थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

जहां स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म होने की बात सामने आई। घटना को एसपी मनीष ने गंभीरता से लेते हुए डीएसपी तेघरा के नेतृत्व में बछवारा थाने की पुलिस की टीम बनायी। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद अंसार को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी की पहचान बछवारा थाना क्षेत्र के जहानपुर के रहने वाले मोहम्मद अनावरूल के 35 वर्षीय बेटे मोहम्मद अंसार के रूप में हुई है। आरोपी दो बच्चों का बाप है और पेशे से ड्राइवर है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए सदर अस्पताल भेजा है। इस संबंध में आरोपी की मां ने बताया कि मेरे पति नहीं है। मैं मायके में ही रहती हूं। मेरे भाई ने ही मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है।

मेरी बेटी दसवीं क्लास में पढ़ती है। इतना कह पीड़िता के मां भी बेसुध हो गई। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार के सरकारी स्कूल के मास्टर की गंदी करतूत

# घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास में छात्रा से रंगरलियां मनाते ग्रामीणों ने पकड़ा, दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**मोतिहारी**– गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांव, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए...कबीर दास द्वारा लिखी गई यह पंक्तियां जीवन में गुरु के महत्व को बखूबी दर्शाती हैं। यह श्लोक हम बचपन से पढ़ते आ रहे हैं। जिसमें गुरू के स्थान को ऊंचा बताया गया है।

लेकिन कभी-कभी कुछ गुरूजी ऐसी करतूत कर बैठते है कि लोग भी हैरान रह जाते हैं। बिहार में एक कलयुगी मास्टर साहब की करतूत से हर कोई हैरान रह गया। जब लोगों को पता चला कि गुरुजी स्पेशल कोचिंग क्लास के नाम पर छात्राओं से गंदी हरकत करता है। एक दिन लोगों ने सरकारी स्कूल के मास्टर को छात्रा से रंगरेलियां मनाते रंगेहाथ धड़ दबोचा। फिर क्या था लोग गुस्सा हो गये और इस गुरुजी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। मोतिहारी में सरकारी स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी।

गुरुजी पर छात्रा से इश्क लड़ाते लोगों ने रंगेहाथों पकड़ लिया और दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। घटना घोड़ासहन थाना क्षेत्र के झरोखर सरकारी स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार से जुड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार आठवीं कक्षा की छात्रा को सरकारी शिक्षक राकेश महीनों से स्पेशल कोचिंग क्लास में पढ़ने के लिए बुलाया करता और उसके साथ रंगरेलिया मनाता था।

गुरुवार को इस कलयुगी मास्टर को लोगों ने रंगे हाथ दबोच लिया। जिसके बाद गुरूजी की जमकर की धुनाई की गयी। लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर सरकारी स्कूल के मास्टर राकेश की पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।





बताया जाता है कि घोड़ासहन में ही मास्टर साहब अपने किराये के मकान में कोचिंग चलाता था और छात्रा को स्पेशल क्लास की बात कह बुलाया था। तभी शिक्षक को रंगरेलिया मनाते लोगों ने पकड़ लिया। घोड़ासहन प्रखंड के सरकारी स्कूल में तैनात शिक्षक राकेश कुमार पूर्व में भी ऐसी घिनौनी हरकत करते पकड़े गये थे। लेकिन शिक्षा विभाग ने तब कोई कार्रवाई नहीं की थी।

ऐसे में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आरोपित शिक्षक पर कार्रवाई इस बार होती है या फिर वो अपने रसूख के बल पर इस बार भी बच निकलेगा।